# अध्याय– यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

1. राष्ट्रवाद का प्रारंभ जिस देश से हुआ है वह है–
   (अ) फ्रांस (ब) जर्मनी (अ)
   (स) भारत (द) श्रीलंका

2. नेपोलियन की संहिता' का निर्माण हुआ था–
   (अ) 1861 (ब) 1870 (स)
   (स) 1804 (द) 1789

3. किसके कल्पानादर्श (युटोपिया) में दुनिया के लोग अलग राष्ट्रों के समूह में बंटें हुए है ?
   (अ) फ्रांस (ब) जर्मनी
   (स) भारत (द) फ्रेडिरिक सॉरयू (द)

4. 'जॉलवेराइन' नामक शुल्क संघ की स्थापना कब हुई ?
   (अ) 1834 (ब) 1802
   (स) 1825 (द) 1820 (अ)

5. 1815 में नेपोलियन की हार के ठीक बाद चार देशों ने सम्मेलन कहाँ आयोजित किया ?
   (अ) प्राग (ब) लंदन
   (स) वियना (द) हेग (स)

6. ज्युसप मेत्सिनी कौन था ?
   (अ) इटली का क्रान्तिकारी (ब) वियना का क्रांतिकारी
   (स) रूस का क्रांतिकारी (द) इनमें से कोई नहीं (अ)

7. 1815 ई. में नेपालियन को हराने वाली चार शक्तियों में कोन सी एक नहीं थी ?
   (अ) ब्रिटेन (ब) रूस
   (स) प्रशा (द) चीन (द)

8. निम्न में इटली के एकीकरण में किसका योगदान था ?
   (अ) काबूर (ब) मेत्सिनी
   (स) गेरीबाल्डी (द) उपर्युक्त सभी (द)

अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न– 1. वियना सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी ?

उत्तर– ऑस्ट्रिया के चांसलर ड्यूक मैटरनिख ने की थी।

प्रश्न– 2."जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को जुकाम हो जाता है।" यह किसने कहा ?

उत्तरः– मैटरनिख ने।

प्रश्न– 3.'कार्बोनरी' क्या थी?

उत्तर– 'कार्बोनरी' इटली के क्रांतिकारियों का एक गुप्त संगठन था।

प्रश्न– 4. किस संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता प्रदान की ?

उत्तर– 1832 ई. की कुस्तुन्तुनिया की संधि नेप्रश्न– 5. किसके नेतृत्व में तथा कब नये जर्मन साम्राज्य की घोषणा की गई?

प्रश्न–5. जर्मनी का एकीकरण कब हुआ?

उत्तर– विलियम प्रथम के नेतृत्व में 18 जनवरी, 1871 ई. में।

प्रश्न– 6. जर्मनी के एकीकरण का श्रेय किसे दिया जाता है?

उत्तर– ऑटोवॉन बिस्मार्क को।

प्रश्न– 7. ज्युसप मेत्सिनी का जन्म कब व कहाँ हुआ?

उत्तर– ज्युसप मेत्सिनी का जन्म 1807 ई. में जेनोआ में हुआ था।

प्रश्न– 8. ज्युसप मेत्सिनी द्वारा स्थापित दो भूमिगत संगठनों के नाम लिखिए।

उत्तर– 1. यंग इटली। 2. यंग यूरोप।

प्रश्न– 9. मैटरनिख ने किसे सामाजिक व्यवस्था का सबसे खतरनाक दुश्मन बताया?

उत्तर– ज्युसप मेत्सिनी को।

प्रश्न– 10.जर्मनी के एकीकरण का कर्णधार कौन था?

उत्तरः– ऑटोवॉन बिस्मार्क।

लघुतरात्मक प्रश्न–

प्रश्न–1. 'जॉलवेराइन' नामक शुल्क संघ से आप क्या समझते है?

उत्तरः– 1834 में प्रशा की पहल पर 'जॉलवेराइन' नामक एक शुल्क संघ स्थापित किया गया जिसने विभिन्न जर्मन राज्यों के बीच शुल्क अवरोधों को समाप्त कर दिया था।

प्रश्न–2. बिस्मार्क ने सैन्य शक्ति के बल पर किन तीन देशों को युद्धों में पराजित कर जर्मनी का एकीकरण पूरा किया?

उत्तर– बिस्मार्क ने सैन्य शक्ति के बल पर डेनमार्क, ऑस्ट्रिया तथा फ्रांस को विभिन्न युद्धों में पराजित कर जर्मनी का एकीकरण पूरा किया।

प्रश्न–3. इटली के एकीकरण में योगदान देने वाले किन्हीं चार व्यक्तियों के नाम बताइए।

उत्तरः– 1. कावूर 2. मेत्सिनी 3. गैरीबाल्डी 4. विक्टर इमेनुएल द्वितीय।

प्रश्न–4. कावूर ने इटली के एकीकरण में योगदान को लिखिए।

उत्तर– कावूर ने एक कूटनीतिक संधि द्वारा फ्रांस की सैनिक सहायता प्राप्त कर 1859 में ऑस्ट्रिया की सेनाओं को पराजित कर दिया इससे इटली का एकीकरण सरल हो गया।

प्रश्न–5. वियना सम्मेलन में किन चार प्रमुख देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे ?

उत्तरः– वियना सम्मेलन में जिन चार प्रमुख देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे वे ब्रिटेन, रूस, प्रशा और ऑस्ट्रिया थे।

प्रश्न–6. रूमानीवाद से क्या अभिप्राय है ?

उतर– रूमानीवाद एक ऐसा सांस्कृतिक आन्दोंलन था, जो एक प्रकार की राष्ट्रीय भावना का विकास करना चाहता था। रूमानीवाद तर्क–वितर्क और विज्ञान के महिमामण्डन की आलोचना करता था और भावनाओं, अर्न्तदृष्टि और रहस्यवादी भावनाओं पर जोर देता था। इसने एक साझा सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक अतीत को को राष्ट्र का आधार बनाने पर बल दियां।



प्रश्न–7. ज्युसप मेत्सिनी पर टिप्पणी लिखिए।

उतर– ज्युसप मेत्सिनी इटली का एक क्रांतिकारी था। उसका जन्म 1807 में जेनेआ में हुआ था और वह कार्बोनरी के गुप्त संगठन का सदस्य बन गया। उसने दो भूमिगत संगठनों की स्थापना की जिसमें 1. यंग इटली तथा 2. यंग यूरोप था। उससे प्रेरणा लेकर जर्मनी, फ्रांस, स्विजरलेण्ड और पोलेण्ड में भी गुप्त संगठन बनाए गए।

प्रश्न–8. फ्रांस के प्रथम विद्रोह 1830 के बारे में संक्षेप में लिखिए।

उतर– फ्रांस में प्रथम विद्रोह जुलाई 1830 में हुआ था। बूर्बो राजा, जिन्हें 1815 के बाद हुई रूढीवादी प्रतिक्रिया के दौरान सता में बहाल किया गया था, उन्हें अब उदारवादी क्रांतिकारियों ने उखाड फेंका। उनकी जगह एक संवैधानिक राजतंत्र स्थापित किया गया जिसका अध्यक्ष लुई फिलिप था।